महत्वपूर्ण एवं खास

राहुल गांधी छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फोन कर सीएम की पसंद पूछ रहे

रायपुर। एआईसीसी ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री चयन को लेकर आब्जर्बर की नियुक्ति कर दी है। मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ के

आब्जर्बर हैं, इसी बीच खबर ये आ रही है कि खुद राहुल गांधी भी मुख्यमंत्री के नामों को लेकर फीडबैक ले रहे हैं। शक्ति एप के जरिये कार्यकर्ताओं को कॉल किया जा रहा है और उनसे मुख्यमंत्री के नामों को लेकर राय पूछी जा रही है। पहले एक रिकार्डेड कॉल किया जा रहा है और फिर एक बीप की आवाज के साथ पसंदीदा मुख्यमंत्री का नाम पूछा जा रहा है। माना जा रहा है कि ये फीडबैक खुद राहुल गांधी देखेंगे।

भाजपा के 8 दिग्गज मंत्रियों को भी झेलनी पड़ी करारी हार

रायपुर। विधानसभा चुनाव में इस दफा कांग्रेस की हवा नहीं तूफान नहींज्बल्कि सुनामी चलीज्ऐसी सूनामी, जिसमें ताश के पत्तों की तरह पूरी भाजपा उड़ गयी। 15 साल से बसी-बसायी सल्तनत इस कदर धाराशायी हुई कि ना मंत्री बच सके और ना ही सिपहसलार। भाजपा के आधा दर्जन से ज्यादा मंत्री बुरी तरह से हारे। कद्दावर मंत्री प्रेम प्रकाश हारेज.राजेश मूणत हारे, भैयालाल राजवाड़े, महेश गागड़ा, केदार कश्यप, अमर अग्रवाल, दयालदास बघेल, रामसेवक पैकरा को भी हार का मुंह देखना पड़ा। विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को करारी हार झेलनी पड़ी। बस्तर में भाजपा का जहां सुपड़ा साफ हो गया, तो वहीं सरगुजा में भी भाजपा चारों खाने चित हो गयी। दुर्ग-रायपुर में भी भाजपा अपनी इज्जत नहीं बचा सकी। रायपुर की चार सीटों पर सिर्फ बृजमोहन ही जीते, बाकी की तीन सीटों पर कांग्रेस ने कब्जा जमा लिया। भाजपा के खिलाफ किस कदर लहर थी, इसका इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोई मंत्री की हार का अंतर 10 हजार से कम नहीं है। मंत्री राजेश मूणत और अमर अग्रवाल तो 12-12 हजार से ज्यादा वोट हारे। वहीं केदार, महेश, प्रेमप्रकाश पांडेय की भी हार का अंतर बहुत बड़ा रहा। किसी तरह से मुख्यमंत्री रमन सिंह, अजय चंद्राकर, बृजमोहन अग्रवाल, पुन्नूलाल मोहले ने जीत दर्ज कर भाजपा की लाज बचायी।

पटेल ज्वेलर्स में हुयी चोरी लाखों का

माल हुआ पार, पुरी दुकान हुयी साफ

रायगढ़। चुनावी खुमारी उतरने से पहले ही कल रात चोरो ने पटेल ज्वेलर्स पर धावा बोल दिया नगर निगम आफिस की ओर से ज्वेलरी शांप की दुकान के बगल की दुकान के पिछवाड़े से सेंध लगायी गयी और साइड दिवाल को तोड़कर चोर अंदर घुसे थे जिन्होने बड़े इंत्मिनान से चोरी की और पुरी दुकान का सफाया कर उसी रास्ते से फरार हो गये अमूमन दुकान के पिछवाड़े निगम कार्यालय की ओर रात को सन्नाटा पसरा रहता हैं जिसका पूरा लाभ चोरों ने उठाया पटेल ज्वेलर्स ने सुरक्षा के लिहाज से दुकान की पिछली दिवार को लेंटर्ड करा दिया था जिसे चोर भेंद नही पाये इसलिये उन्होने बगल की बंद दुकान का इस्तेमाल किया जिस तरह से दो दो दिवारों को भेंदा गया हैं उससे लगता हैं की चोरों के पास या तो आधुनिक औजार थे या फिर उनकी संख्या ज्यादा रही होगी सुबह दुकान खुलने पर मालिक को चोरी का पता चला तो वह हतफ्रभ रह गया पुलिस को सूचना मिलते ही आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और मुआयना किया चोरों की पतासाजी के लिये डाग स्काट को भी बुलाया गया हैं लेकिन इस प्रकार के मामलों में अभी तक इससे कोई मदद नहीं मिली है इसलिये डाग स्काट से कोई सुराग हाथ लगने की संभावना कम ही हैं जिस ढ़ग से चोरी हुयी हैं उससे लगता है की चोरो ने दुकान की पूरी रैकी की हैं ओर शातिर चोरों ने इस कारनामें को अंजाम दिया हैं तीस से चालिस लाख की चोरी का अनुमान लगाया जा रहा हैं जिसकी परासाजी में पुलिस जुट गयी हैं।

चुनाव के बाद की बेबाक समीक्षा.....!

सत्ता के अंहकारियों को सिखाया सबक

रायगढ़। रायगढ़ विधानसभा चुनाव में न तो कोलता फेक्टर चला ओर न वोट कटवा राजनीति परिवर्तन की आंधी में सब कुछ बह गया 15साल की सत्ता के अहंकार का जनता ने मुहं तोड़ जवाब दिया हैं हार के कारणो की भले ही अब समीक्षा की जायेगी तो कहीं कमजोर केडिडेट तो कही भितरघातियों का मामला उठेगा लेकिन यह सब सांप गुजर जाने के बाद लाठी पिटने की कवायद के अलावा कुछ नहीं हैं यदि पहले ही एहतियात बरती गयी होती तो भाजपा को यह दुर्दिन देखना ही नहीं पड़ता लोकतंत्र में जनता ही जर्नादन होती हैं लेकिन इस सारस्वत सत्य को जानने के बावजूद उस पर अमल कोई नहीं करता न सत्ताधारी और न विपक्ष दोनों ही सिर्फ कुर्सी पाने के लिये इसका इस्तेमाल तो करते हैं लेकिन जब उसकी सेवा की बारी आती हैं तो ये सेवक अपना घर भरनें में जुट जाते है उस समय यही जनता उन्हें दुधारु गाय लगने लगती हैं जिसे जितना चाहे लोग दुहते हैं इसी का परिणाम हैं की चुनाव में भाजपा का सुपड़ा साफ हो गया खासकर रायगढ़ जिले में पांचों सीटों पर पहली बार काग्रेंस ने अपना परचम लहराया हैं जहां रायगढ़ सीट की बात करे तो भाजपा की जीत में सबसे बड़ा रोड़ा विजय अग्रवाल बने जिसने बेरियर की तरह भाजपा के वोटों को उसकी झोली में जाने से रोका यदि दोनों के वोटो को मिला दिया जाये तो यह आंकड़ा 96 हजार से भी पार हैं मतलब 27 हजार की जीत 14 हजार की हार में तब्दिल हो गयी यही हाल पांचो सीटो का रहा हें जहां भितरधातियों ने भाजपा प्रत्याशियों को निपटाने का काम किया एक तरह से देखा जाये तो इस बार का चुनाव भाजपा V/S कांग्रेस का न हो कर भाजपा V/S भाजपा ने लड़ा हैं जिसका खामियाजा अभी लोकसभा चुनाव में भी भुगतना बाकी हैं यदि बात करें फेक्टर की तो रायगढ़ में तो कोई मुद्दा किसी के काम नहीं आया जिस बदजुबानी के लिये रोशन को दोष दिया जाता था उसके बावजूद वह 55 हजार वोट पाने में सफल रहा यदि मामला तिकोणी नहीं होता तो शायद रायगढ़ की कहानी कुछ और ही होती बहरहाल काग्रेंस को चाहिये की वह अब अपने जनता धर्म का इमानदारी से पालन करे ओर अधूरे विकास को पूरा करने की और ध्यान दें जो वायदे किये हैं उन्हें पूरा करें नहीं तो पांच साल बाद उसे फिर से वनवास भोगना पड़ सकता हैं लोगों ने इसी प्रत्याशा में उसे जनादेश दिया हैं जिसका पालन सुनिश्चित करना उसका धर्म व कर्म दोनों हैं ।अब एक नजर वोट टेली पर भी डाल ली जाये तो यह समझ में आ जायेगा की लोगो ने किस पर कितना विश्वास किया है रायगढ़ से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रकाश नायक 69062 मतों से विजयी हुए। वहीं क्रमशः भारतीय जनता पार्टी के रोशन लाल ने 54482, निर्दलीय प्रत्याशी विजय अग्रवाल ने 42914, निर्दलीय प्रत्याशी रविशंकर पटेल ने 7823, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे.के विभाष सिंह ठाकुर ने 5823, भारतीय ट्रायबल पार्टी के वीरसिंह नागेश ने 2114, निर्दलीय प्रत्याशी मुकुन्द गुप्ता ने 1918, निर्दलीय प्रत्याशी चेहरा लाल चौहान ने 1486, निर्दलीय प्रत्याशी भरत कुमार दुबे ने 777, आम आदमी पार्टी के राजेश त्रिपाठी ने 499, अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के महेश कुमार खोब्रागढ़े ने 476, भारतीय राष्ट्रीयवादी समानता पार्टी के शर्मिला देवी ने 429, शिवसेना के राजेश जैन ने 384, निर्दलीय प्रत्याशी गोविन्द दुबे ने 319, निर्दलीय प्रत्याशी तेजराम मालाकार ने 291, निर्दलीय प्रत्याशी नुरूल शम्स अली ने 282 एवं निर्दलीय प्रत्याशी नाजिर अहमद ने 239 मत मिले हैं।

कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत ने विष्णुदेव साय की मुश्किलें बढ़ाई

आने वाले लोकसभा चुनाव में साय की इस बार राह नहीं आसान

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ संसदीय क्षेत्र से लगातार 4 बार सांसद रहे विष्णुदेव साय की राह इस बार आसान नहीं होगी। जिस तरीके से इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रति माहौल बना है

जिससे कुछ ही महीनों बाद होने वाले लोकसभा चुनाव में विष्णुदेव साय को काफी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। कांग्रेस ने रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के आठों विधानसभा सीट पर भारी मतों से जीत हासिल की है। यह परिणाम विष्णुदेव साय के लिए चिंता की बात है।

बता दे की इस विधान सभा चुनाव में जहां रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के रायगढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश नायक ने 14580 मतों से जीत हासिल की है उन्हे कुल 69062 वोट मिले हैं। वही खरसिया से कांग्रेस प्रत्याशी उमेश पटेल ने 94201 मत प्राप्त करते हुए 16967 वोटों से जीते हैं। इसी तरह लैलूंगा से कांग्रेस प्रत्यासी चक्रधर सिंह सिदार ने 24483 वोट से जीत हासिल की है, उन्हे कुल 81770 मत मिले हैं। वहीं धरमजयगढ़ विधानसभा से लालजीत सिंह राठिया ने 40335 मतों से रिकार्ड जीत हासिल की है। उन्होंने कुल 95173 वोट प्राप्त किये है। वहीं बात करे सारंगढ़ विधानसभा सीट से तो कांग्रेस प्रत्याशी उत्तरी गनपत जांगड़े ने 52389 मतों से रिकार्ड जीत दर्ज की है उन्हें कुल 101834 वोट मिले। वहीं जशपुर में कांग्रेस प्रत्याशी विनय कुमार भगत 71963 मत प्राप्त करते हुए 8026 वोटों से जीत हासिल की है। तो वहीं कुनकुरी कांग्रेस से यू.डी. मिंज ने 69896 मत प्राप्त करते हुए 4293 वोट से जीते हैं।

सड़क हादसे में स्वास्थ्य विभाग के दो कर्मचारियों की मौत

मुंगेली। गांधी नगर के पास मंगलवार शाम को बाइक के अनियंत्रित होने से पेड़ से टकरा गई, जिससे स्वास्थ्य विभाग के दो कर्मचारियों की मौत हो गई। घटना की जानकारी गांव वालों ने पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने इस हादसे की खबर मृतकों के परिवार वालों को दी और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार की सुबह दोनों शवों को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस से मिली मंगलवार शाम स्वस्थ विभाग के भुवाल दस लहरे 55 वर्ष मलेरिया निरीक्षक में पदस्थ अपने साथी रवि नवरंग लैब टेक्निशियन कर्मचारि के साथ अपने घर तखतपुर जा रहे थे कि गांधी नगर के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं ग्वर्निंग बोर्ड के सदस्यों कृ0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931